दिल्ली पुलिस के थानाध्यक्षों की तैनातियां

418. **श्री संतोष बागड़ोदिया :** क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) दिल्ली पुलिस के उन थानाध्यक्षों की संख्या कितनी है जो दिल्ली में अपने पुलिस स्टेशनों में गत पांच वर्षों से लगातार कार्य कर रहे हैं ;

(ख) क्या एक पुलिस स्टेशन में एक थानाध्यक्ष की तैनाती की कोई निर्धारित अवधि है ; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ; और

(ग) इनमें से उन थानाध्यक्षों की संख्या कितनी है जिनके विरुद्ध विभागीय अथवा किसी अन्य प्रकार की जांच चल रही है और फिर भी वे उसी पुलिस स्टेशन में कार्य कर रहे हैं ; और इसके क्या कारण हैं ?

कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पी० चिदम्बरम): (क) शून्य

(ख) जी नहीं, श्रीमान ।

(ग) शून्य ।

"राजस्थान में वन अस्पाद बागान कार्यक्रम का कार्यान्वयन"

419. **श्री संतोष बागड़ोदिया :** क्या पर्यावरण और वन मंत्री यह बताने की की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि राजस्थान के जनजातीय क्षेत्रों में केन्द्र द्वारा प्रायोजित वन उत्पाद बागान कार्यक्रम प्रारम्भ किया गया है ;

(ख) यदि हां, तो यह कार्यक्रम किन-किन जिलों में प्रारम्भ किया गया है ; और

(ग) इस कार्यक्रम का ब्यौरा क्या है ?

पर्यावरण और वन मंत्री (श्री जैड० आर० (अन्सारी) : (क) और (ख) लघु वनोत्पाद, के वृक्ष उगाने के लिए राजस्थान के उदयपुर, चितौड़गढ़ बांसवाड़ा तथा डूंगरपुर जिलों में, जो कि आदिवासी क्षेत्र हैं, केन्द्रीय प्रायोजित परियोजना कार्यान्वित की जा रही है । इस परियोजना के अंतर्गत, परियोजना में दिए लागत मानदंडों के अनुसार केन्द्र द्वारा पूरी सहायता प्रदान की जाती है ।

(ग) वर्ष 1988–89 में आरम्भ किए गए दो वर्षीय कार्यक्रम, जो 1989–90 तक जारी रहेगा, के अंतर्गत बांस, महुआ, आंवला, बहेड़ा, गूगल आदि प्रजातियां उगाकर उक्त जिलों में लगभग 1250 हैक्टेयर क्षेत्र में वृक्षारोपण किया जाना है ।

राजस्थान में कताई मिलें

420. **श्री संतोष बागड़ोदिया :** क्या वस्त्र मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) राजस्थान में इस समय कितनी कताई मिलें कार्य कर रही हैं ;

(ख) क्या इन मिलों के आधुनिकीकरण के लिए इन्हें वित्तीय सहायता दिए जाने का विचार है ;

(ग) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ;

(घ) क्या राजस्थान में नई कताई मिलें स्थापित करने का कोई प्रस्ताव है . और

(ङ) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

वस्त्र मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री रफीक आलम) : (क) दिनांक 31–3–89 की स्थिति के अनुसार राजस्थान में 20 सूती/मानव निर्मित रेशा कताई मिलें हैं ।